**Theme: Leading Community Partnership for School Transformation**

**Dr. Raju Soni**
Principal
Government Senior Secondary School, Sardarpura
Bika, Suraygarh, Sri Ganganagar, Rajasthan
Email id: ghsssdpb@gmail.com
Mobile no.: 9828260887




**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरदारपुरा बीका**:

शिक्षा को अक्सर गुणवत्तापूर्ण जीवन की नींव के रूप में जाना जाता है। अच्छी बुनियादी सुविधा से शैक्षिक उद्यमों को हमेशा मदद मिलती है। एक स्कूल जो अच्छी बुनियादी सुविधाओं से युक्त हो, वह शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है। इन विचारों के साथ समुदाय सहभागिता की निति का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कर्मचारियों और स्थानीय परामर्शदाताओं / भामाशाहों / पंचायत की सक्रिय भागीदारी के साथ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए राजकीय उच्च मधामिक विद्यालय, सरदारपुरा बीका का समर्थन कर रही है। इस स्कूल में आयोजित गतिविधियों में बुनियादी ढांचे के प्रावधान से लेकर उपस्थिति, नामांकन और बेहतर परिणामों में वृद्धि के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु शिक्षण सहायता में मदद करना शामिल हैं।

**समुदाय सहभागिता : योजना एवं प्रभाव** :-

विद्यालय का मुख्य द्वार और पुरानी बिल्डिंग इतनी पुरानी हो चुकी थी, कि उसके प्रति कोई आकर्षण नहीं रहा था, ना तो अभिभावकों में और ना हीं विद्यार्थियों में। एक स्थिरता से आ गई थी, नयापन कुछ भी नहीं, जड़ता से भरा शैक्षिक वातावरण । मैंने और मेरे स्टाफ ने मिलकर सर्वप्रथम इस निरसता को दूर करने का प्रयास किया, नए-नए विचारों और प्रयोग का विद्यालय का हिस्सा बनाया ।

विद्यालय स्तर पर गणतंत्र दिवस हेतु निमंत्रण पत्र तैयार किए गए, उनका रंगीन प्रिंटआउट लेकर समस्त ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया । इस अवसर पर हमारे रणनीति यह रही-

1. **Infra mapping and model display for fund collection:** मुख्य द्वार एवं मुख्य भवन पोर्च

का आर्किटेक्चर से 3D कलर मॉडल प्रदर्शित किया गया। एक से अधिक भामाशाहों का निर्माण कार्य में भागीदार बनाया गया। इससे अभिभावकों, भामाशाहों, एसएमसी, एसडीएमसी सदस्यों का विद्यालय के साथ जुड़ाव बढ़ा। इस प्रयोग से विद्यार्थियों की उपस्तिथि बढ़ी, क्षेत्र में संचालित प्राइवेट स्कूल बंद हो गया और नामांकन भी बढ़ा।

2. **Rajasthani Culture & Heritage Gallery**: विद्यालय के मुख्य द्वार से विद्यालय भवन तक 600 फीट की सुंदर डिजाइनिंग गैलरी तैयार की गई है। इसमें राजस्थानी कला, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को प्रदर्शित किया गया है। जिससे विद्यार्थी प्रतिदिन देख कर इन सब से परिचित होता है, उनकी जानकारी प्राप्त करता है।

3. **Social reform & famous personalities display board:** विद्यालय भवन के परिसर में इन डिस्पले बोर्ड पर महापुरुषों वैज्ञानिकों का जीवन परिचय प्रदर्शित किया गया है, और इन डिस्पले बोर्ड के अनुसार मासिक प्रश्नोत्तरी करवाई जाती है। इसमें समस्त विद्यार्थी जानकारी प्राप्त करते हैं। यह प्रतियोगिता जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग के अनुसार होती है, और विजेता को पुरस्कार भी दिया जाता है।




4. **School Building as Learning Aid:** विद्यालय भवन को ओपन TLM से सुसज्जित किया गया है तथा क्लास रूम, गैलरी, पेंटिंग, डिस्प्ले बोर्ड, फ्लेक्स आदि से सजाया गया है। इन सबसे विद्यार्थी Forceful learning की जगह Easy learning करता है।

5. **Primary Section**: प्राथमिक कक्षाओं हेतु प्ले रूम, LCD, खिलौने द्वारा शिक्षण पद्धति, एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग (ABL) को अपनाया गया है।

6. **Kitchen Hall:** वोकेशनल एजुकेशन के विद्यार्थियों द्वारा प्रोजेक्ट वर्क के रूप में वॉश बेसिन, बर्तन धोने की सिंक इत्यादि इंस्टॉल किए गए । साफ बर्तन रखने हेतु टोकरा, एग्जॉस्ट फैन, सीलिंग फैन युक्त किचन हॉल बहुत ही साफ सुथरा है।

7. विद्यार्थियों में साफ सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ी है । मिड डे मील में भागीदार बढ़ी है। मिड डे मील के लिए विद्यालय द्वारा टीचर्स ड्यूटी का चार्ट लगा हुआ है, जिसमें प्रत्येक दिन तीन टीचर ड्यूटी पर रहते हैं।




8. **Toilets & Washroom:** प्राथमिक स्तर के छात्रों हेतु अलग यूरिनल पॉट्स बनाए गए हैं । यह पॉट्स उनके आयु और ऊंचाई के अनुसार इंस्टॉल किए गए हैं, तथा इनका इंस्टॉलेशन भी प्लंबिंग के छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट कार्य रूप में किए गया हैं।

9. इसके अलावा टॉयलेट के अंदर सिंगल पुश बटन क्लीनिंग सिस्टम का इस्तेमाल हुआ है, जो दिन में दो बार किसी वालंटियर द्वारा आसानी से सफाई की जाती है । इससे समय और पानी के बचत होती है।

10. गर्ल वॉशरूम के भी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन व डिस्पोजल मशीन से युक्त व साफ सुथरा बनाया गया है ।

11. **Alumni Guidance:** भामाशाह एवं पूर्व विद्यार्थियों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं, जिसमें कैरियर गाइडेंस व रिक्रूटमेंट इत्यादि की जानकारी प्रेषित की जाती है ।

12. **Vocational education:** वोकेशनल एजुकेशन के अंतर्गत हमारे पास दो लैब है: ऑटोमेटिक व प्लंबिंग । आटोमोटिव ब्रांच के अतर्गत हमारे पास दो ओरिजिनल कार और बाइक के इंजन है । इसके अलावा इंटरएक्टिव पैनल, 3D मॉडल ट्रांसपेरेंट मॉडल जिसमें बच्चे खुद से प्रेक्टिस करके इंजन के रिपेयरिंग का कार्य सीखते हैं।

13. इसी तरह प्लंबिंग लैब में भी वॉश बेसिन, टॉयलेट सीट के मॉडल बनाए हुए हैं और बच्चे खुद से स्कूल के छोटे-छोटे कार्यों को प्रोजेक्ट रूप में भी करते हैं।

14. **<u>Helping hands:</u>** पंचायत के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 9 डीबीएम में 78000 रूपये की डिमांड राशि (विद्युत कनेक्शन) मांगी गई थी। जो की हमारे स्कूल द्वारा जन सहयोग से एकत्रित कर लगभग एक लाख रुपए राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 9 डीबीएम को भेंट की गई ताकि उस स्कूल के बच्चे भी गर्मी में ठंडी हवा में पढ़ सके तथा विद्युत सम्धित अन्य लाभ उठा सकें।




15. **<u>CHESS (Critical thinking):</u>** खेल क्लास में इनडोर गेम के रूप में शतरंज को प्रभावी रूप से लागू किया गया ताकि विद्यार्थियों में अनुशासनिका करता और तार्किकता का विकास हो।

16. **<u>Open Hanging library:</u>** Open hanging library के रूप में बनाने से अपनी रुचि और जिज्ञासा के अनुरूप विद्यार्थी पुस्तक पढ़ सकता है।

17. **<u>Water Drip System:</u>** पौधों में पानी के लिए वाटर ड्रिप सिस्टम इंस्टॉल किया गया है, जो की पानी के बचत के लिए प्रभावी रूप से कार्य करता है।

18. **<u>Vidyalaya Vikas Smiti:</u>** गांव में विद्यालय के मध्य Bridge का कार्य करने के लिए विद्यालय विकास समिति का गठन किया गया है, जो की सामाजिक उत्सवों/ अवसरों, जन्मदिन इत्यादि पर या नवनियुक्त कर्मचारियों से विद्यालय के विकास के लिए सहयोग एकत्र करती है।

19. **<u>Guidance for non-smoking and drugs:</u>** ग्रामीणों को जागरूक कर विद्यार्थियों द्वारा नशीली सामग्री खरीदने पर रोक तथा विद्यालय में सूचना प्रेषित करना।

20. **Study timetable for home by students:** कक्षा अध्यापक बच्चों से घर में पढ़ाई के लिए एक स्टडी टाइम टेबल लेता है, जिनके अनुसार कक्षा अध्यापक उन बच्चों की फोन कॉल या किसी अन्य माध्यम से मॉनिटरिंग करता है।

21. **Honours of donors & volunteers:** भामाशाहों के सम्मान के लिए विद्यालय में एक भामाशाह सम्मान सूचना पट लगा हुआ है तथा वार्षिक पारितोषण के दिन भामाशाहों के सहयोग की प्रशंसा, व विद्यालय स्टाफ द्वारा उन्हें बेज लगाकर या गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया जाता है।